SUBJECT : GEOGRAPHY

CLASS : B.A. Part Ist (Hons.), PAPER : IInd, UNIT : Ist

TOPIC : CLIMATE OF ASIA (एशिया की जलवायु)

BY :– Dr. Sanjay Kumar, Assistant Professor, Dept. of Geography,
D. B. College, Jaynagar, Madhubani, L.N.M.U., Darbhanga.

LECTURE No.-22 (Email:- sanjaykumar.phd@gmail.com)

एशिया को 10 जलवायु प्रदेशों में विभक्त कर अध्ययन किया जाता है :–

1) भूमध्यरेखीय जलवायु (Equatorial Climate) –

- इस प्रकार की जलवायु 5° उत्तरी तथा 5° दक्षिणी अक्षांशों के मध्य पाई जाती है।
- यह जलवायु मलेशिया, इण्डोनेशिया तथा श्रीलंका में पाई जाती है।
- वर्ष के औसत तापमान 26°C से 27°C के मध्य मिलते हैं।
- इन प्रदेशों में सापेक्षिक आर्द्रता वर्ष भर उच्च रहती है।
- सापेक्षिक आर्द्रता का वार्षिक औसत 80% है।

2) उष्ण कटिबन्धीय मानसूनी जलवायु (Sub Tropical Monsoon Climate) —

- यह जलवायु भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, बर्मा, हिन्दचीन तथा दक्षिणी-चीन से मिलती है।
- इन क्षेत्रों में 1000 c.m. से भी अधिक वर्षा हो सकती है जबकि समुद्र से दूर भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग में वर्षा का औसत 25 c.m. रह जाता है।
- ग्रीष्म ऋतु में आन्तरिक मैदानी भागों का तापमान 48°C तथा तटीय भागों का तापमान 26°C के आसपास रहता है।
- शीत ऋतु में उत्तरी आन्तरिक स्थलीय भागों का तापमान 10°C तथा दक्षिणी तटीय भागों का तापमान 23°C के आसपास रहता है।

Scanned with CamScanner

3) चीन तुल्य जलवायु (China Type Climate)—

- यह जलवायु मध्य चीन, उत्तरी चीन, दक्षिणी कोरिया तथा जापान में मिलती है।
- ग्रीष्म काल में इन भागो का तापमान 21°C से 27°C के मध्य रहता है।
- ग्रीष्म काल में वर्षा 50 c.m से 100 c.m औसत के मध्य रहता है
- चीन के दक्षिणी पूर्वी तटों पर वर्षा अधिक होती है जबकि उत्तर पश्चिम की ओर वर्षा की मात्रा क्रमशः कम होती जाती है।

4) मंचूरिया तुल्य जलवायु (Manchurian Type Climate)—

- इस प्रकार की जलवायु मंचूरिया, उत्तर कोरिया, होकेडो द्वीप तथा सखालिन द्वीप में पाई जाती है।
- शीतकाल में न्यूनतम -15°C तक पहुँच जाता है। शीतकाल अप्रैल तक होता है।
- ग्रीष्म ऋतु अपेक्षाकृत छोटी (मई से जुलाई तक) होती है तथा तापक्रम 10°C से 20°C के मध्य रहते है।
- इस ऋतु में औसत वर्षा 25 से 30 c.m. के मध्य होती है।

5) उष्ण मरुस्थलीय जलवायु (Hot Desert Climate)—

- इस प्रकार की जलवायु की उपस्थिति दक्षिणी पश्चिमी एशिया के अधिकांश भागों (उत्तर पश्चिमी भागों को छोड़कर) में थार तथा सिन्धु के मरुस्थलीय भागों में मिलती है।
- सीरिया, इराक, अरब तथा ईरान के कुछ भागों (दक्षिणी-पं. एशिया) की जलवायु अधिक शुष्क भूमध्य सागरीय है।
- ग्रीष्म काल के औसत तापमान 40°C के आसपास रहते हैं जबकि शीत काल में औसत तापमान 15°C के पास रहती है।
- गर्मियों में दिन में गर्म धूल-भरी आंधियाँ चलती है जबकि रात्रि में तापमान गिर जाते हैं जिससे रातें ठण्डी हो जाती है।

नोट :- आगे की व्याख्या Lecture no. 23 में देखें।

Scanned with CamScanner